रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L -33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 75] नई दिल्ली, सोमवार, सितम्बर 20, 1999/भाद्र 29, 1921
No. 75] NEW DELHI, MONDAY, SEPTEMBER 20, 1999/BHADRA 29, 1921

दि इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इण्डिया

(कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 के अधीन)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 16 सितम्बर, 1999

फा.सं. 104/27/लेखा.—31 मार्च, 1999 को समाप्त वर्ष की दि इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इण्डिया की परिषद् की उन्नीसवीं वार्षिक रिपोर्ट।

1 प्रस्तावना

कपनी सचिव अधिनियम 1980 की धारा 18 की उपधारा (5) के अनुसरण में दि इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज की परिषद 31 मार्च 1999 की 19वीं वार्षिक रिपोर्ट और इस अवधि के लेखों का परीक्षित विवरण तथा उन पर इंस्टीट्यूट के कामकाज की लेखापरीक्षक रिपोर्ट प्रकाशित करती है।

2 नई घटनाएं

2.1 कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 में संशोधन

इंस्टीट्यूट की परिषद ने कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 में सशोधन करने के लिए कुछ प्रस्ताव भेजे। इन प्रस्तावो मे निम्नलिखित शामिल हैं–'नियोजन में रहने' शब्दावली की परिभाषा, सदस्यों से कितना अधिकतम प्रवेश और वार्षिक शुल्क लिया जा सकता है, इस बारे में राशि की अधिकतम सीमा को हटाना, प्रेक्टिसरत सदस्यों को 'प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिव' का पदनाम तथा नौकरी में लगे सदस्यों को उनके नियोक्ताओं द्वारा दिए गए पदनाम का प्रयोग करने की अनुमति देना, व्यवसाय या अन्य कदाचार से सम्बन्धित जांचों के मामले में अनुशासन समिति की रिपोर्ट पर विचार करने से पूर्व परिषद के समक्ष अभ्यावेदन देने का अवसर देने का प्रावधान; समर्थक प्रावधान की व्यवस्था करना जिससे प्रेक्टिसरत सदस्य व्यवसाय सेवाएं प्रदान करने के लिए भारत में और भारत के बाहर की व्यावसायिक संस्थाओं के

साथ व्यवस्था कायम कर सकें और प्रेक्टिसरत सदस्यों को अपनी अर्हताओं, व्यावसायिक अनुभव और जिस प्रकार की सेवाएं प्रदान करते हैं, इनके बारे में विज्ञापन देने या लिखित पत्रों आदि भेजने की अनुमति मिल सके।

जून 1998 में कम्पनी कार्य विभाग ने तीन संस्थानों–अर्थात् आई सी एस आई, आई सी ए आई और आई सी ए डब्ल्यू आई– का एक कार्यबल गठित किया: इसका गठन तीनों संस्थानों द्वारा अपने–अपने अधिनियमों में संशोधन के लिए प्रस्तुत किए गए विभिन्न प्रस्तावों पर जांच करने और सदस्यों के व्यावसायिक अथवा अन्य किसी कदाचार के बारे में जांच करने की प्रक्रिया से संबंधित प्रावधानों के लिए समान प्रावधानों की सिफारिश करने के लिए किया गया।

इस कार्यकाल की दो बैठकें होने के बाद आम सहमति बनी, किन्तु प्रत्येक संस्थान के परिषद के गठन और व्यवसाय की प्रकृति के बारे में कुछ अपवाद थे। जिन प्रस्तावों की सिफारिश कार्यबल द्वारा की गई थी, परिषद ने उनका समर्थन किया और कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 में संशोधन करने के लिए सरकार को आगे भेज दिया। सरकार प्रस्तावित संशोधनों पर सक्रिय रूप से विचार कर रही है।

2.2 आई सी एस ए., यू.के. डिवीजन के साथ सहमति पत्र

इंस्टीट्यूट आफ कम्पनी सेक्रेटरीज आफ इण्डिया और इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड सेक्रेटरीज एंड एडमिनिस्ट्रेटर्स, यू. के. डिवीजन के साथ जयपुर में 11 नवम्बर 1995 को एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर हुए, जिसमें यह स्वीकार किया गया कि "कम्पनी सेक्रेटरीशिप" ओर व्यावसायिक प्रशासन में सर्वोत्तम प्रेक्टिस को बढ़ावा देना तथा इंस्टीट्यूटों के बीच निकट संबंध सुनिश्चित करने के लिए सकारात्मक तरीके ढूढंना–दोनों इंस्टीट्यूटों के समान हित में है। लगातार पत्राचार और पूरी गोपनीयता रखते हुए एक दूसरे की मूल्यांकित उत्तर–पुस्तिकाओं का आदान प्रदान करने के बाद तथा दोनों इंस्टीट्यूटों की परीक्षाओं के उच्च स्तर के बारे में संतुष्ट होने एवं व्यावसायिक शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के बारे में एक दूसरे की गतिविधियों को समझने के बाद दोनों इंस्टीट्यूटों ने नवम्बर 1998 में पुणे में एक विस्तृत सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए जिसके द्वारा दोनों इंस्टीट्यूटों ने आपसी सहमति के आधार पर एक दूसरे की परीक्षाओं

में प्रश्न–पत्र क्रम में छूट देना स्वीकार कर लिया। आई सी एस ए, यू.के. डिवीजन द्वारा आयोजित अर्हक परीक्षा उत्तीर्ण करन के आई सी एस आई के इच्छुक सदस्यों को आई सी एस आई की परीक्षा के प्रश्न पत्रों में से तीन प्रश्न त्रों–अर्थात् निगम विधि और प्रेक्टिस–1, निगम विधि और प्रेक्टिस–2, निगम विधि और प्रक्टिस–3 सभी पत्रो में छूट मिलेगी। दोनों इंस्टीट्यूट इस बात पर सहमत हो गए हैं कि उन दोनों इंस्टीट्यूटों का कोई भी एसोसिएट या फैलो सदस्य, जिसकी कम से कम दो वर्ष की अच्छी ख्याति है और उसने दूसरे इंस्टीट्यूट की अर्हक परीक्षा के गैर–छूट वाले प्रश्न पत्रों की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है तो उसे एक दूसरे के इंस्टीट्यूट में सदस्य के रूप में प्रवेश दे दिया जाएगा। परिषद् ने इस सहमति पत्र को परिपुष्ट कर दिया है और दोनों इंस्टीट्यूट सहमति पत्र को कार्यान्वित करने के आगे के तौर तरीकों को तैयार कर रहे हैं।

2.3 26वां राष्ट्रीय सम्मेलन

कम्पनी सचिवों का 26वां राष्ट्रीय सम्मेलन 12–14 नवम्बर 1998 को पूना में आयोजित किया गया, जिसका विषय था–'कार्पोरेट लाज इन नेक्स्ट मिलेनियम (अर्थात् अगली सहस्राब्दि में निगम–विधियां'। इस सम्मेलन में लगभग 800 प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसमें यू.के. और श्री लंका के प्रतिनिधियों ने भी सममेलन में भाग लिया। इसका स्तर अत्यधिक ऊचा था। परिषद पूणे शाखा और पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद द्वारा इसके आयोजन के लिए किए गए प्रयासों की सराहना करती है। इस अवसर पर इण्डियन एक्सप्रेस, लोकसत्ता और फिनांश्यल एक्सप्रेस ने पूरे पृष्ठ का न्यूजपेपर सप्लीमेंट प्रकाशित किया।

2.4 व्यवसाय और प्रशिक्षण के प्रेक्टिस संबंधी पहलू और सदस्यों के विकास पर ध्यान केन्द्रित किया गया

व्यवसाय और प्रशिक्षण के प्रेक्टिस संबंधी पहलू के विकास और सदस्यों के विकास पर ध्यान केन्द्रित करने को सुनिश्चित बनाने की दृष्टि से परिषद ने प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिवों की एक समिति गठित की, जो परिषद की एक पूर्ण समिति के रूप में होगी और वर्ष 1999 को सदस्यों के विकास का वर्ष घोषित किया। प्रशिक्षण और सदस्यो की अनवरत शिक्षा के लिए विकास व्यय के वास्ते वर्ष 1999–2000 में इंस्टीट्यूट के बजट में विशिष्ट रूप से 15 लाख रुपये की राशि रखी गई है। एक अलग अनवरत शिक्षा निदेशालय इंस्टीट्यूट के मुख्यालय में बनाया गया है, जो वर्तमान सदस्यों के लिए और व्यवसाय में नए प्रवेशकर्ताओं के लिए भी व्यावसायिक विकास की गतिविधियां और अनवरत शिक्षा कार्यक्रमों को तेज करने पर निरन्तर ध्यान देगा। विशेष रूप से तैयार सहभागी प्रमाण पत्र कार्यक्रम (पार्टिसिपेटिव सर्टिफिकेट प्रोग्राम) नियामक प्राधिकरण के साथ नियमित रूप से विचार विमर्श और प्रेक्टिसरत सदस्यो की सेवाओं के प्रयोक्ताओं और भविष्य में संभावित प्रयोक्ताओं के माध्यम से व्यवसाय के प्रेक्टिस सम्बन्धी पहलू का विकास करने और सशक्त करने के लिए हर तरह से ध्यान दिया गया। इस वर्ष के दौरान पहली बार कम्पनी सचिवों के लिए प्रेक्टिस के प्रतिपादित क्षेत्रों पर ही पूरी की पूरी कार्यशालाएं गांधीनगर, कलकत्ता, चेन्नई और नई दिल्ली मे आयोजित की गईं। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यू टी ओ) के अधीन विश्व–बाजार व्यवस्था के कारण व्यापार सम्बन्धी बदलते परिदृश्य के मद्देनजर प्रेक्टिस के नए और उभरते क्षेत्रों पर बातचीत करने, इनका पता लगाने और उनकी साफ साफ तस्वीर लोगों के सामने रखने एवं प्रेक्टिस के नए क्षेत्रों को सुदृढ़ करने के लिए वर्ष 1999 में प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिवों का एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने का भी फैसला किया गया। यह भी तय किया कि वर्ष के दौरान 'सी एस पी अपडेट' का प्रकाशन किया जाए और प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिवों को इसे भेजा जाए; इसमे प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिवों के लिए विभिन्न सुसंगत क्षेत्रों पर जारी कानूनी संशोधनों, सरकारी अधिसूचनाओं, परिपत्रों और स्पष्टीकरणों का प्रकाशन किया जाएगा। 'चार्टर्ड सेक्रेटरी' में भी अलग से एक स्तम्भ रखा गया है जिसमें प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिवों से सबंधित सूचना और सामग्री दी जाती है।

2.5 केन्द्रीय मंत्रालयों, आर बी आई, सेबी, वित्तीय संस्थानों आदि से विचार विमर्श

इस वर्ष भी कम्पनी कार्य विभाग, आर्थिक मत्रालयों, भारतीय रिजर्व बैंक, सेबी, अखिल भारतीय और राज्यस्तरीय वित्तीय सस्थानो, राज्य औद्योगिक विकास निगमो, स्टाक एकसचेंजों, डिपाज़िटरियों, बैंकों, बीमा कम्पनियों, एपेक्स और

राज्य स्तर के चैम्बर्स आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री आदि से नियमित रूप से बैठक और विचारविमर्श करते हुए व्यवसाय के विकास के लिए जोरदार प्रचार जारी रहे। इसके अलावा व्यवसाय की छवि निर्माण और इसकी मौजुदगी की जानकारी को और अधिक सुधारने की दृष्टि से इस बात का प्रचार करने के प्रयास किए गए जिनसे लोगों को कम्पनी सचिवों द्वारा दी जा रही सेवाओं और कानूनी अनुपालनाओं के अलावा विभिन्न प्रकार के कार्यों के निर्वहन में उनकी उपयुक्तता की जानकारी मिल सके। सचिवीय लेखा परीक्षा और सचिव अनुपाल ने रिपोर्ट, प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिवों द्वारा 'ड्यूडिलीजेंस एंड कम्फर्ट सर्टिफिकेट्स' की आवश्यकता और उपयोगिता तथा प्रबन्धन, ऋण संस्थानों, निवेशकों और अन्य स्टॉक होल्डरों के लिए उनकी सेवाओ के बढ़ते महत्त्व पर विशेष बल दिया गया।

विभिन्न देशों के राजदूतों, कमिश्नरों, वाणिज्यिक कौंसिलरों से भी बैठकें की ताकि कम्पनी सचिवों द्वारा की जा रही सेवाओं की जानकारी को फैलाया जा सके।

2.6 विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री का इंस्टीट्यूट में दौरा

व्यवसाय और इस्टीट्यूट के लिए एक महत्त्व की विशेष घटना रही जब तत्कालीन केन्द्रीय विधि मंत्री माननीय डा0 एम. थम्बीदुराई 5 मई 1998 को इंस्टीट्यूट के मुख्यालय में आए और परिषद को सम्बोधित किया। परिषद ने इस अवसर पर माननीय मंत्री महोदय से सदस्यो के लिए कम्पनी अधिनियम के माध्यम से प्रेक्टिस करने के वास्ते अलग से ही कतिपय क्षेत्र सुरक्षित रखने और इस व्यवसाय को उसका उचित स्थान दिलाने का अनुरोध किया। कम्पनी विधेयक 1997 के बारे में इस्टीट्यूट के सुझावों को भी माननीय मंत्री के सामने रखा गया।

2.7 व्यवसाय की मान्यता

इस्टीट्यूट द्वारा इस वर्ष किए गए लगातार प्रयासों से कुछ सफलता मिली। सभी स्टॉक एक्सचेंजों ने सेबी निर्देशों के अनुरूप अपने सूचीबद्ध अनुबंध में संशोधन किया, जिससे यह प्रावधान रखा गया है कि कम्पनी इस बात पर जोर देगी कि रजिस्ट्रार और शेयर अन्तरण एजेण्ट (आर टी ए) किसी प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिव का प्रमाण पत्र दें कि सभी अन्तरण निर्धारित समय में पूरे कर लिए गए।

बम्बई, कलकत्ता, पुणे और उत्तर प्रदेश के स्टॉक एक्सचेंजों ने निवेशकों के हित की सुरक्षा के लिए एक कदम और आगे बढ़ कर अपने सूचीबद्ध अनुबन्ध में एक विस्तारित धारा जोड दी है जिससे सम्बंधित कम्पनियों के लिए यह सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा कि यथास्थिति प्रेक्टिसरत आर टी ए और /या इन–आउस शेयर अंतरण के बारे में कम्पनी सचिव से इस बात का प्रमाण पत्र वित्तीय वर्ष की हर छमाही के अन्त में एक महीने के अन्दर पेश किया जाए कि अन्तरण, उप–विभाजन, समेकन, नवीकरण, आदान–प्रदान या कॉल/अलाटमेंट मनी के पृष्ठाकन के लिए सम्बन्धित दस्तावेज दे दिए गए तथा इनकी एक प्रति 24 घण्टे के अन्दर एक्सचेज को उपलब्ध करा दी जाए।

'सेबी' ने सभी स्टॉक एक्सचेंजों को यह प्रावधान करने के लिए सूचीबद्ध अनुबन्ध संशोधन करने के लिए एक और भी निर्देश जारी किया है कि सूचीबद्ध अनुबन्ध के अनुपालन में नियुक्त किया जाने वाला अधिकारी कम्पनी का कम्पनी सचिव होगा।

कम्पनी कार्य विभाग द्वारा हाल में जारी प्राइवेट लिमिटेड और असूचीबद्ध सार्वजनिक कम्पनी (प्रतिभूतियों की वापसी खरीद) नियमावली, 1999 में साथ ही साथ यह प्रावधान भी है कि प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी या असूचीबद्ध

सार्वजनिक कम्पनी पूर्णकालिक कम्पनी सचिव की उपस्थिति में वापस खरीदे गए शेयर प्रमाण पत्रों को जला देगी और प्रत्यक्षतः नष्ट कर देगी। नियमों में यह भी प्रावधान है कि प्रबन्ध निदेशक सहित दो पूर्णकालिक निदेशकों द्वारा सत्यापित तथा पूर्णकालिक कम्पनी सचिव द्वारा सत्यापित एक प्रमाण पत्र कम्पनियों के रजिस्ट्रार को प्रमाण पत्रों को जला देने और नष्ट कर देने के सात दिन के अन्दर भेजेगी जिसमें प्रमाणित करना होगा कि प्रमाण पत्रों को नष्ट करने सम्बन्धी नियमों सहित इन नियमों का अनुपालन किया गया है।

अहमदाबाद स्टॉक एक्सचेंज ने निर्धारित किया है कि सभी कम्पनियां अपनी सूचीबद्ध प्रतिभूतियों को जब्त करने की घोषणा प्रस्तुत करेंगी, जिसे प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिव इस बारे में सत्यापित और अधिप्रमाणित करेगा कि शेयर होल्डरों को यथावत नोटिस देने और कम्पनी अधिनियम, 1956 एवं कम्पनी के मैमोरेण्डम और आर्टिकल्स आफ एसोसिएशन, प्रोस्पेक्टस/आफर लैटर में किए गए प्रावधानों का अनुपालन करने के बाद प्रतिभूतियों को जब्त किया गया है। बल्कि स्वैच्छिक रूप से प्रतिभूतियों को सूची से हटाने के लिए अहमदाबाद स्टॉक एक्सचेंज को अनुरोध करने वाली कम्पनियों के लिए आवश्यक है कि इस बारे में इन प्रतिभूतियों का सत्यापन और अधिप्रमाणन कोई प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिव करे कि स्वैच्छिक रूप से सूची में से हटाने सम्बन्धी सेबी के प्रावधानों, सूचीबद्ध करने सम्बन्धी प्रावधानों और अन्य अपेक्षाओं का अनुपालन किया गया है।

गुजरात राज्य वित्त निगम ने हमारे इस सुझाव को स्वीकार करने का निर्णय लिया है कि शोध रिपोर्टों और कम्पनियों के रजिस्ट्रार के कार्यालय से सम्बन्धित अन्य कार्य को पूरी तरह से प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिव के लिए रखा जाए। यह भी तय पाया है कि फैक्टरी अधिनियम, सुरक्षा प्रावधानों और अन्य स्थानीय अधिनियमों के अनुपालन वाले 'ड्यू–डिलीजेंस' प्रमाण पत्र को एक मात्र प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिव से ही स्वीकार किया जाए।

गुजरात औद्योगिक विकास निगम ने निर्णय किया है कि औद्योगिक प्लाट/शेड के हस्तांतरण के अवसर पर हस्तांतरणकर्ता और हस्तांतरिती कम्पनी की शेयर पूंजी और शेयर होल्डर के सम्बन्ध में प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिव द्वारा जारी प्रमाण पत्रों को स्वीकार किया जाएगा।

अहमदाबाद शाखा द्वारा किए गए प्रयासों और पहल पर परिषद अपनी सराहना व्यक्त करती है।

28 निगम अनुसंधान और प्रशिक्षण के लिए आई सी एस आई केन्द्र (सी सी आर टी)

इस वर्ष निगम अनुसंधान और प्रशिक्षण के लिए आई सी एस आई केन्द्र (सी सी आर टी) के भवन निर्माण और साज–सज्जा का कार्य पूरा हो जाने के बाद सी सी आर टी अपना कार्य शुरू करने के लिए तैयार है, जिससे इंस्टीट्यूट का एक ऐसा केन्द्र स्थापित करने का यह स्वप्न साकार हो गया है, जहा निगम प्रशासन के लिए उत्कृष्ट निगम व्यावसायिक तैयार करने और भारत को एक आर्थिक महाशक्ति बना कर खड़ा करने का काम पूरा किया जा सके। मुख्य अतिथि के कार्यक्रम में आखिरी क्षण में परिवर्तन होने के कारण औपचारिक रूप से इस केन्द्र का उद्घाटन नहीं हो पाया। फिर भी कुछेक व्यावसायिक विकास और अनवरत शिक्षा कार्यक्रमों का आयोजन कर समिति रूप से कामकाज शुरू हो गया है। परिषद ने सी सी आर टी सलाहकार बोर्ड का गठन किया है, जिसमें मानवाधिकर आयोग के अध्यक्ष और भारत के भूतपूर्व मुख्य न्यायधीश माननीय श्री जस्टिस एम. एन वेंकटचलैया की अध्यक्षता में सी सी आर टी की विभिन्न गतिविधियों और कामकाज चलाने के लिए परामर्श देने के वास्ते प्रबुद्ध व्यक्तियों को शामिल किया गया है। परिषद सी सी आर टी समिति (1992–94) के अध्यक्ष श्री एन एल भाटिया का हृदय से आभार और प्रशसा करती हैं, जिन्होंने इस केन्द्र की आवश्यकता की परिकल्पना की, परिषद सी सी आर टी समिति (1995–98) के अध्यक्ष और सी सी आर टी भवन समिति (1999) के अध्यक्ष श्री ए. के. मोदी का आभार और प्रशंसा व्यक्त करती है, जिनके अथक प्रयासो और निर्माण संबंधी मामलो की विभिन्न जटिलताओं पर उनकी अन्तर्दृष्टि के कारण सी सी आर टी का स्वप्न साकार हो सका; डा0 पी पी मिस्त्री, अध्यक्ष वित्त समिति (1995–99) का आभार और प्रशसा व्यक्त करती है

जिन्होंने उत्कृष्ट नेतृत्व प्रदान किया और आगे आने वाली सभी सी सी आर टी समितियों, परियोजना–उपसमितियों और वित्त–उपसमितियों के सभी सदस्यों को उत्प्रेरित किया कि वे जिस तरह भी इस कार्य में योगदान कर सकते हैं, उसमें अपनी पूरी शक्ति लगा दें।

2.9 भारतीय स्वतंत्रता स्वर्ण जयन्ती समारोह व्याख्यान माला

नई दिल्ली में 5 अगस्त 1998 को "कारपोरेट विज़न–21वीं शताब्दी "विषय पर भारतीय स्वतंत्रता स्वर्ण जयंती समारोह व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष और भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश माननीय श्री जस्टिस एम. एन. वैकटचलैया ने व्याख्यान दिया। कम्पनी कार्य विभाग के सचिव श्री टी. एस. कृष्णामूर्ति ने भी उपस्थित जन समूह का सम्बोधित किया। इस समारोह में दिल्ली उच्च न्यायालय, न्यायाधीश, संसद सदस्य, भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी इंस्टीट्यूट के पूर्व अध्यक्ष, परिषद–सदस्य और बड़ी संख्या मे व्यवसाय के सदस्य उपस्थित थे। इस समारोह की प्रशंसा न केवल सरकारी हल्कों में हुई, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों के बीच भी इस व्यवसाय की उपस्थिति बेहतर ढंग से प्रगट हुई।

2.10 सी सी एल एस अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण

पहले की तरह ही इस वर्ष भी कम्पनी कार्य विभाग के आदेश पर इंस्टीट्यूट ने नई दिल्ली में केन्द्रीय कम्पनी विधि सेवा के अधिकारियों के लिए एक पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सेवा के सभी क्षेत्रों से आए अधिकारियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया और सभी भागीदारों एवं कम्पनी कार्य विभाग ने अत्यंत सराहना की।

2.11 विवाद समाधान पर सम्मेलन

13 दिसम्बर 1998 को नई दिल्ली में बार कौंसिल आफ इण्डिया के साथ संयुक्त रूप से इंटरनेशनल सेंटर आफ आल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजोल्यूशन के सहयोग से 'विवाद समाधान' पर एक सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में पर्याप्त उपस्थिति थी, जिसका उद्घाटन भारत के भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश माननीय श्री जस्टिस ए. एम. अहमदी ने किया। भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश माननीय श्री जस्टिस डी पी वाधवा ने अध्यक्षता की और माननीय दि लार्ड कूक आफ थार्नडन के बोर्ड ने विशेष भाषण दिया। प्रख्यात विधि विज्ञ, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ एडवोकेट एफ एस नरीमन, सांसद, और आई सी डी ए आर के अध्यक्ष एच आर भारद्वाज, बार कौंसिल आफ इण्डिया के अध्यक्ष श्री अनूप मिश्रा, अध्यक्ष श्री बी पी धनुका, उपाध्यक्ष श्री वीरेन्द्र गंडा ने भी सम्मेलन को सम्बोधित किया। अपने किस्म का यह प्रथम सम्मेलन बार कौंसिल आफ इण्डिया के साथ मिल कर संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था, जिसमें सर्वोच्च और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, अध्यक्ष कम्पनी लॉ बोर्ड, अध्यक्ष फेरा बोर्ड, विधि आयोग और सी ई जी ए टी के सदस्यों, अकादमिशियनो, परिषद के पूर्व अध्यक्षों तथा इस्टीट्यूट के अन्य सदस्यों एवं विधि व्यवसाय के लोगों ने भाग लिया।

2.12 पी एच डी करने वालों के लिए मान्यता

वाणिज्य/प्रबन्धन तथा इन क्षेत्रों से सम्बन्धित विषयों पर पी एच डी के पंजीकरण के लिए शोलापुर विश्वविद्यालय ने कम्पनी सचिव की अर्हता को मान्यता प्रदान कर दी है। अभी तक अपने पी एच डी पाठ्यक्रम में प्रवेश देने के लिए 26 विश्वविद्यालय कम्पनी सचिव की अर्हता को मान्यता दे चुके हैं।

2.13 व्यावसायिक विकास और अनवरत शिक्षा कार्यक्रम

समीक्षाधीन वर्ष में 26वें राष्ट्रीय सम्मेलन सहित तेरह व्यावसायिक विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस

रिपोर्ट के परिशिष्ट 'ख' में विवरण दिए गए हैं।

2.14 नए प्रकाशन

इंस्टीट्यूट ने इस वर्ष निम्नलिखित नए प्रकाशन प्रकाशित किए:

1. फारेन कोलेबोरेशंस एंड जांइट वेन्चर्स–पोलीसिज एंड प्रोसीजर्स

2. स्पेसीमेन आफ सेक्रेटेरियल कम्पलाइंस रिपोर्ट एंड चेक लिस्ट फार दि रिपोर्ट

3. रेफरेंस आन प्रोपाउंडिंग एरियाज़ ऑफ प्रेक्टिस फार कम्पनी सेक्रेटरीज़

4. रेफरेंस आन आल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजोल्यूशन–लॉ एंड प्रेक्टिस।

2.15 पूंजी–बाजार और वित्तीय सेवाओं में पश्च सदस्यता अर्हता पाठ्यक्रम

31 मार्च 1999 को पूंजी–बाजार और वित्तीय सेवाओं में पश्च सदस्यता अर्हता पाठ्यक्रम के लिए इंस्टीट्यूट के 321 सदस्यों के नाम दर्ज थे। पी एम क्यू पाठ्यक्रम के तीसरे और चौथे सत्र की परीक्षाएं क्रमशः जून 1998 और दिसम्बर 1998 में चार केन्द्रों–कलकत्ता, चेन्नई, दिल्ली और मुम्बई में आयोजित हुईं। परीक्षा–परिणाम सम्बन्धी आंकड़े इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'घा' में दिए गए हैं। इस वर्ष पी एम क्यू पाठ्यकम का अध्ययन करने वाले सदस्यों के लिए सात पुनश्यर्चा/क्रैश कार्यक्रम आयोजित किए गए।

2.16 कम्प्यूटरीकरण और सूचना तकनॉलॉजी

विद्यार्थियों, सदस्यों और प्रशिक्षण सेवाओं, वित्त और भण्डारण को शामिल करते हुए कमप्यूटरीकरण का प्रथम चरण पूरा किया जा चुका है। कम्प्यूटरीकरण के दूसरे चरण में इंस्टीट्यूट की शेष गतिविधियों को शामिल करने का कार्य शुरू किया गया है। इंटरनेट और ई–मेल प्रणालियों को मुख्यालय, क्षेत्रीय परिषदों और पुणे शाखा में लगाया जा चुका है। एल ए एन के अधीन ई–मेल प्रणाली को मुख्यालय में प्रत्येक निदेशालय में कार्यान्वित किया जा चुका है। जून 1998 और दिसम्बर 1998 के परीक्षा परिणाम आई सी एस आई की वेब साइट के जरिए प्रकाशित किए गए। कम्प्यूटरीकरण की एक कोर समिति बनाई गई है, जिसके अध्यक्ष आई एन एस डी ओ सी के निदेशक है; यह समिति इंस्टीट्यूट की आगामी कम्प्यूटीकरण गतिविधियों में यह सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है ताकि इंस्टीट्यूट के कम्प्यूटरों में हार्डवेयर और साफटवेयर में 'वाई 2 के' का अनुपालन किया जा सके।

3. परिषद

3.1 अध्यक्ष और उपाध्यक्ष

परिषद की 112 वीं बैठक 1 जनवरी 1999 को हुई जिसमें 1 जनवरी 1999 से एक वर्ष के लिए उत्तरी क्षेत्र के श्री वीरेन्द्र गंडा को अध्यक्ष और पश्चिमी क्षेत्र के श्री जे श्रीधर को उपाध्यक्ष चुना गया।

3.2 बैठकें

समिति की विभिन्न बैठकों के अलावा परिषद ने 1998–99 के दौरान सात बैठकें आयोजित कीं।

3.3 समितियां आदि

परिषद द्वारा गठित विभिन्न समितियों, विशेषज्ञ ग्रुपों ओर परामर्शी बोर्डों का विवरण इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'क'

4. क्षेत्रीय परिषदें और शाखायें

4.1 क्षेत्रीय परिषदें

चारों क्षेत्रीय परिषदों ने बड़े उत्साह और जोश से अपनी गतिविधियां और कामकाज को चला कर परिषद को अपना समर्थन और सहायता देना जारी रखा। क्षेत्रीय परिषदों ने कैरियर जागृति कार्यक्रमों, फोन–इन कार्यक्रमों, सेमिनारों और कार्यशालाओं, एस. एम. टी. कार्यक्रमों, मौखिक शिक्षण कक्षाओं, विद्यार्थी मार्गनिर्देशी बैठकों, अध्ययन सर्किल कक्षाओं और क्षेत्रीय सम्मेलनों का आयोजन किया। ये परिषदें पुस्तकालयों को भी व्यापक रूप से अद्यतन रखने, समाचार–बुलेटिन प्रकाशित करने और आंकड़े रखते हुए रोजगार सेवाएं प्रदान करने, सदस्यों/1998–1999 के दौरान परिषद के निर्देशानुसार विद्यार्थियों को जानकारी देने, इंस्टीट्यूट के प्रकाशनों की बिक्री करने का काम भी कर रही हैं। मुख्यालय द्वारा की जाने वाली कुछ गतिविधियों का विकेन्द्रीकरण क्षेत्रीय परिषदों में कर दिया गया है। 31 मार्च 1999 को क्षेत्रीय परिषद की रिजर्व और अधिशेष राशि तथा प्रत्येक क्षेत्रीय परिषद में सदस्यों और विद्यार्थियों की सख्या नीचे दी गई है:

मद	पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद	उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद	दक्षिणी भारत क्षेत्रीय परिषद	पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद
वित्तीय स्थिति:				
(1) अधिशेष (+) घाटा (–)1998–99 रू0	571304	801032	(128006)	(84533)
(2) रिजर्व रु0	1947065	3241763	1479489	272405
नियमित पाठयक्रम के विद्यार्थियों की सख्या				
–31–03 1999 को	25191	51104	35226	37045
–31–03 1998 को	23855	52990	34792	34294
–1998–99 के दौरान वृद्धि का प्रतिशत	5.60	(–) 3 56	1.25	8.02
फाउंडेशन पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों की सख्या				
–31 मार्च 1999 को	6540	23037	6892	9122
–31 मार्च 1998 को	8346	29972	9531	11370
–1998–99 के दौरान वृद्धि का प्रतिशत	(–) 21.64	(–) 23.14	(–) 27.69	(–) 19.77
सदस्यो की सख्या				
–31 मार्च 1999 को	1406	3317	3169	4174
–31 मार्च 1998 को	1405	3184	3112	4068
–1998–99 के दौरान वृद्धि का प्रतिशत	0.07	4 18	1.83	2 61

4.2 शाखायें

1998–99 के दौरान इंस्टीट्यूट की सभी 36 शाखाओं की प्रबंध समितियों का पुनर्गठन कंपनी सचिव विनियमावली, 1982 तथा सचिव शाखाओं की मार्ग–निर्देशिका 1983 के अनुसार किया गया। इस वर्ष के दौरान शाखाओं ने विद्यार्थियों को शिक्षण, मौखिक शिक्षण और प्रशिक्षण देने तथा सदस्यों के लिये अध्ययन सर्किल बैठकें एवं व्यावसायिक

विकास कार्यक्रम आयोजित करने की अनेक गतिविधियां संपन्न कीं। इस वर्ष मदुरई शाखा ने अपने कार्यस्थल की खरीद की। आज तक जिन शाखाओं के अपने कार्यस्थल हैं उनके नाम इस प्रकार है:– अहमदाबाद, बंगलौर, भोपाल, कोचीन, डोम्बीवली, गाजियाबाद, गोआ, हैदराबाद, इन्दौर, जयपुर, कानपुर, मदुरई, मंगलौर, पुणे और वडोदरा।

4.3 सर्वोत्तम शाखा पुरस्कार

वर्ष 1997 के सर्वोत्तम शाखा पुरस्कार पुणे में आयोजित 26 वें राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में निम्नलिखित शाखाओं को दिये गये:

सर्वोत्तम राष्ट्रीय शाखा पुरस्कार

हैदराबाद

सर्वोत्तम क्षेत्रीय शाखायें

पूर्व–भुवनेश्वर

उत्तर–कानपुर और जयपुर (संयुक्त विजेता)

दक्षिण–हैदराबाद

पश्चिम–पुणे

4.4 सैटेलाइट शाखाएं

इंस्टीट्यूट की परिषद ने सभी चारों क्षेत्रों में सदस्यों और विद्यार्थियों की सेवाओं को और सुदृढ़ करने के लिए तथा लाइब्रेरी और मौखिक शिक्षण की सुविधाएं प्रदान करने एवं सदस्यों और विद्यार्थियों के बीच आपसी सलाह मशविरा करने के लिए सैटेलाइट शाखाओं के गठन के लिए मार्गनिर्देश निर्धारित किए हैं। आज की तारीख तक निम्नलिखित स्थानों पर 16 सैटेलाइट शाखाओं का गठन किया जा चुका है।:

उत्तर – आगरा, इलाहाबाद, बरेली, व्यावर, भीलवाड़ा, गुड़गांव, जोधपुर, मेरठ, वाराणसी, और यमुना नगर,

दक्षिण – हुबली–धारवाड़, कोट्टयम, त्रिचुर, और विजयवाड़ा,

पश्चिम – नासिक और रायपुर

इंस्टीट्यूट की सैटेलाइट शाखाओं में अध्ययन सामग्री, शोध प्रकाशन, चार्टर्ड सेक्रेटरी जर्नल, स्टूडेण्ट कम्पनी सेक्रेटरी बुलेटिन और सभी क्षेत्रीय परिषदों के न्यूज़ लैटर तथा विद्यार्थियों और सदस्यों के फार्म उपलब्ध हैं।

5. सदस्य

5.1 नए प्रवेश

1998–99 वर्ष में 534 एसोसिएट सदस्य तथा 203 फैलो सदस्यों को प्रविष्ट किया गया। 31 मार्च 1999 को इंस्टीट्यूट के रजिस्टर में 12066 सदस्य दर्ज थे, जिनमें से 8845 एसोसिएट और 3221 फैलो सदस्य थे। 31 मार्च 1999 को विदेशों में रहने वाले सदस्यों की संख्या 273 थी। 1998–99 वर्ष के दौरान परिषद को 13 सदस्यों की मृत्यु की सूचना देते हुए दुख है।

1998–99 वर्ष में 242 सदस्यों को प्रेक्टिस प्रमाण पत्र जारी किए गए। 31 मार्च 1999 को प्रेक्टिस प्रमाणपत्रधारियों की संख्या 1 180 थी।

5.2 सदस्यों की सूची

कम्पनी सचिव विनियमावली 1982 के विनियम 161 के साथ पठित कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 की धारा 19(3) के अनुसरण में 1 अप्रैल 1998 की स्थिति के अनुसार सदस्यों की पूरक सूची प्रकाशित की गई है। पूरक सूची में दी गई सूचना इस प्रकार है–जैसे सदस्यों के निवास के पते, टेलीफोन नंम्बर, फैक्स नम्बर, व्यवसाय स्थान के पते, मोबाइल फोन न0, पेजर न0 आदि जैसी कुछ और अतिरिक्त सूचनाएं भी दी गई हैं ताकि सदस्यों के बीच बेहतर संचार और सलाह मशविरा हो सके। सदस्यों को यह सूची उनके अनुरोध पर सप्लाई की गई है।

6. "चार्टर्ड सेक्रेटरी"

इंस्टीट्यूट का यह जर्नल प्रकाशन के 29वें वर्ष में प्रवेश कर कम्पनी सचिवों के कार्य–क्षेत्रों से सम्बन्धित अद्यतन सूचनाएं देने के अपने मिशन को करता आ रहा है। व्यावसायिक जर्नल के रूप में इसे बहुत ऊंचे स्थान पर माना जाता है तथा विभिन्न क्षेत्रों से चाहे वह उद्योग हो, या वाणिज्यिक अथवा व्यापार हो तथा अन्य व्यावसायिकों ने भी इसे सामयिक विषयों पर ज्ञानवर्धक लेखों का उच्च श्रेणी का प्रकाशन कह कर सराहा है जिसके द्वारा सरकारी अधिसूचनाओं, कानूनी निर्णयों आदि की शीघ्र जानकारी मिल जाती है। एक तरफ इंस्टीट्यूट और दूसरी तरफ सदस्यों एवं निगम–व्यावसायिकों के बारे में अद्यतन सूचना देने का यह प्रभावकारी माध्यम है। समीक्षाधीन वर्ष में जर्नल के तीन विशेषांक प्रकाशित किये जिनका विषय था–केन्द्रीय बजट (जुलाई 1998), डेरीवेटिव्स (अक्तूबर 1998) और इंश्योरेंस (दिसम्बर1998) के विशेषांक प्रकाशित किए गए, जिनके बारे में निगम व्यावसायिकों ने बड़ी सराहना की। इस जर्नल ने पुनर्गठित सम्पादकीय सलाहकार बोर्ड के मार्गनिर्देशन और विद्वत्तापूर्ण सम्मति से शीघ्र और अच्छे किस्म के लेख प्रकाशित करने की परम्परा बनाए रखी।

7. कोर ग्रुप

समीक्षाधीन वर्ष में प्रेक्टिस और रोजगार के नए क्षेत्रों की पहचान और पता लगाने, गाइडेंस नोट्स/मानक सचिवीय पद्धतियों का विकास/अन्तिम रूप देने, व्यवसाय के रोजगार ओर प्रेक्टिस पर प्रभाव डालने वाले विधायी संशोधनों का सुझाव देने, सरकार, नियामक तथा अन्य निकायों से मान्यता प्राप्त करने के लिए अभ्यावेदनों। ज्ञापनों को अन्तिम रूप देने, सदस्यों के लिए पार्टिसिपेटिव सर्टीफिकेट प्रोग्राम (अर्थात् सहभागी प्रमाण पत्र कार्यक्रमों) सहित अनवरत शिक्षा कार्यक्रमों का ढांचा तैयार करने, सरकार, नियामक तथा अन्य निकायों द्वारा इंस्टीट्यूट के पास भेजे गए विभिन्न मामलों पर व्यवसाय के विचारों/टिप्पणियों/राय को अन्तिम रूप देने, नियमों/विनियमों और निर्धारित/निर्धारित किए जाने वाले फार्मो सहित विभिन्न विधानों/प्रस्तावित विधानों पर टिप्पणियां/ज्ञापन तैयार करने के लिए लेखा और वित्त, वैकल्पिक विवाद समाधान, पूंजी बाजार, कम्पनी विधि, डिपाजिटरीज, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर, आर्थिक विधान, सूचना तकनालाजी, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार, संयुक्त उद्यम और विदेशी सहयोग, श्रम विधि और एन बी एफ जी सम्बन्धित विशेषज्ञता वाले विशेषज्ञों के कोर ग्रुपों का गठन किया गया।

7.1 समितियों में प्रतिनिधित्व

इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष महोदय सेबी द्वारा गठित प्राइमरी मार्केट सम्बन्धी परामर्श समिति के सदस्य बने रहे। अध्यक्ष महोदय को सेबी द्वारा गठित सेकेण्डरी मार्केट की परामर्श समिति, निगम शासन और लेखांकन मानक समिति के सदस्य के रूप में भी नियुक्त किया गया है। इंस्टीट्यूट के सचिव महोदय को सेबी द्वारा गठित स्टॉक एक्सचेंजों के मॉडल नियमो और उपनियमों की प्रारूपण समिति का सदस्य नामित किया गया है।

8. विद्यार्थी सेवाएं

8.1 नियमित पाठ्यक्रम के लिए पंजीकरण

1998–99 के दौरान 22842 विद्यार्थियो ने पंजीकरण कराया जबकि पिछले वर्ष 30431 विद्यार्थियों का पंजीकरण हुआ था। 31 मार्च 1999 को विद्यार्थियों की चालू पजीकरण संख्या 148594 है, जिनमें वे 651 विद्यार्थी शामिल है, जिनका पंजीकरण विनियम 21(3) के अधीन किया गया। परिशिष्ट 'घ1' में उन विद्यार्थियों की संख्या दी है, जिन्होंने फाउण्डेशन, इन्टर और फाइनल परीक्षाएं उत्तीर्ण कर ली हैं।

8.2 फाउंडेशन पाठ्यक्रम में प्रवेश

रिपोर्टाधीन वर्ष में फाउण्डेशन पाठ्यक्रम में 14425 विधार्थियों को प्रवेश दिया गया, जबकि पिछले वर्ष 18983 विद्यार्थियो को प्रवेश दिया था। 31.3.1999 तक 104281 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा चुका था। 31.3.1999 को फाउंडेशन पाठ्यक्रम के पंजीकृत विधार्थियों की वर्तमान सख्या 50122 थी।

8.3 शिक्षण

1998–99 में फाउंडेशन पाठ्यक्रम तथा अन्य नियमित पाठ्यक्रमों में जिन विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया, उन सभी के नाम अनिवार्यतः डाक शिक्षण के लिए भी दर्ज किए गए और उन्हे अध्ययन सामग्री दी गई। इस वर्ष शिक्षण समाप्ति पर 27915 प्रमाण पत्र जारी किए गए और फाउडेशन पाठ्यक्रम के लिए प्राप्त सभी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया तथा विद्यार्थियो को वापस की गई। इस वर्ष विद्यार्थियों को सेवा प्रदान करने संबंधी गतिविधियों का विकेन्द्रीकरण करने की दिशा में पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद को छोड़ कर सभी क्षेत्रीय परिषदों में इंटरमीडिएट पाठ्य क्रम की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्याकन की सुविधा दी गई है। दक्षिण भारतीय क्षेत्रीय परिषद में फाइनल पाठ्यक्रम की उत्तर पुस्तिकाओं के स्थानीय मूल्यांकन की भी सुविधा रही है। आशा है कि पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद मे भी उत्तर पुस्तिकाओं के स्थानीय मूल्यांकन की सुविधा शीघ्र शुरू हो जाएगी।

8.4 स्टूडेंट कम्पनी सेक्रेटरी

इस्टीट्यूट कम्पनी सचिव पाठ्यक्रम का अध्ययन करने वाले विधार्थियों के लाभ के लिए नियमपूर्वक अपना मासिक बुलेटिन 'स्टूडेंट कम्पनी सेक्रेटरी' प्रकाशित करता है जिसका मुख्य उद्देश्य व्यावहारिक प्रशिक्षण की आवश्यकताओ सहित कम्पनी सचिवीय पाठ्यक्रम के प्रशासन के संबंध में हुए विधायी संशोधनों, अध्ययन और सूचना के बारे में जानकारी देना है। यह बुलेटिन नियमित रूप से अध्ययन कर रहे सभी वर्तमान विधार्थियों को निःशुल्क भेजा जाता है।

8.5 कम्पनी सचिव फाउंडेशन पाठ्यक्रम बुलेटिन

फाउडेशन पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों की आवश्यकता पूरी करने के लिए भी, जो अपने कैरियर के मोड़ पर खडे होते हैं, इंस्टीट्यूट अलग से एक कम्पनी सचिव फाउंडेशन पाठ्यक्रम बुलेटिन प्रकाशित करता है। यह द्विमासिक बुलेटिन है जिसे फाउडेशन पाठ्यक्रम के सभी वर्तमान विधार्थियों की निःशुल्क भेजा जाता है।

8.6 कम्पनी सचिव गाइड – अध्ययन और परीक्षा

विद्यार्थियों को इस बारे में मार्गदर्शन देने के लिए कि वे किस तरह से कम्पनी सचिवों की परीक्षा के लिए अध्ययन और तैयारी करें, इस्टीट्यूट ने एक मात्र विद्यार्थियों के लिए एक अद्यतन प्रकाशन – 'ए गाइड टू कम्पनी सेक्रेटरीशिप – स्टडी एंड एक्जामिनेशन' प्रकाशित किया। विद्यार्थी समुदाय को सेवाएं प्रदान करने के लिए यह पुस्तिका पंजीकरण करते समय उन सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क दी जाती है।

8.7 लाइसेंसधारी – आई सी एस आई

रिपोर्टाधीन अवधि में इंस्टीट्यूट में 269 लाइसेंसधारी–आई सी एस आई प्रविष्ट किए गए। 31.3.1999 को लाइसेंसधारिता के लिए जितने आई सी एस आई लाइसेंसधारी वैध थे, उनकी संख्या 572 थी।

8.8 पात्र परीक्षा योजना

विद्यार्थियों को सुविधा प्रदान करने के बारे में इंस्टीट्यूट की नीति के अनुरूप इंस्टीट्यूट ने 1.1.1998 से पात्र परीक्षा शुरू की थी। इस योजना की विशेषता यह थी कि विद्यार्थी क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयों द्वारा रविवारों एवं छुट्टियों में आयोजित अर्हक परीक्षा उत्तीर्ण कर अपना शिक्षण पूरा कर सकते थे। यह परिकल्पना की गई थी कि यह सुविधा उन कार्यरत विद्यार्थियों के लिए वरदान होगी, जो न तो मौखिक कक्षाओं में उपस्थित होकर मौखिक शिक्षण प्राप्त करने की स्थिति में होते हैं और न ही इनके पास अनिवार्य डाक शिक्षण योजना के अन्तर्गत उत्तर पुस्तिकाएं भेजने का पर्याप्त समय होता है। चूंकि इस योजना में भाग लेने वालों की सख्या उत्साहवर्धक नही रही, इसलिए इसे बद कर दिया गया है।

8.9 विद्यार्थियों का प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन

27–28 नवम्बर 1998 को हैदराबाद शाखा ने हैदराबाद में "कम्पनी सचिव–अगली सहस्राब्दि में अवसर और चुनौतियां" विषय पर प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। इसमें लगभग 500 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इनमें से कुछ तो देश के विभिन्न भागों से आए थे और उन्होंने सम्मेलन में भाग लिया। इस अवसर पर एक पृष्ठभूमि व स्मारिका का विमोचन किया गया ।

9 परीक्षाएं

9.1 परीक्षाओं का आयोजन

1998–99 के दौरान जून और दिसंबर 1998 में देश भर में 50 केन्द्रों पर और एक केन्द्र विदेश (दुबई) में कम्पनी सचिवों की फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षायें आयोजित की गईं। 1998–99 के दौरान विभिन्न परीक्षाओ में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों की संख्या इस प्रकार है:

परीक्षा सत्र		
परीक्षा–स्तर	जून 1998	दिसंबर 1998
फाउंडेशन	1835	1594
इंटरमीडिएट	1533	1608
फाइनल	430	504

परीक्षा केन्द्रों की सूची और परीक्षा परिणामों के आंकड़े क्रमशः इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'ग' और 'घ' में दिए गए है ।

9.2 अखिल भारतीय पुरस्कार

विधार्थियों को पूरी तरह से परिश्रम करने को प्रोत्साहन देने के लिए इंस्टीट्यूट उन्हें विभिन्न पुरस्कार, योग्यता प्रमाणपत्र और छात्रवृत्तिया देता रहा है। जून और दिसंबर 1998 की परीक्षाओं के लिए अखिल भारतीय प्रेजीडेंट

पुरस्कार निम्नलिखित विद्यार्थियों को दिये गये:

पाठ्यक्रम	जून 1998	स्थान	दिसंबर 1998	स्थान
इंटरमीडिएट	विकास भूतरा	कलकत्ता	तोषण अजय थामने	थाणे
फाइनल	सुश्री ज्योति काब	हैदराबाद	प्रीतीश कुमार कण्डोई	कलकत्ता

पुरस्कार विजेताओं के नाम तथा अखिल भारतीय पुररकार योजनाओं तथा क्षेत्रीय पुरस्कार योजनाओं के ब्यौरे 'स्टूडेंट कम्पनी सेक्रेटरी' और 'सी एस फाउण्डेशन कोर्स' बुलटिनों में प्रकाशित किये गए।

9.3 योग्यता प्रमाणपत्र/योग्यता छात्रवृत्तियां/वित्तीय सहायता

जून और दिसंबर 1998 सत्रों की फाउंडेशन और इंटरमीडिएट परीक्षाओं के प्रथम सर्वोच्च 25 रैंक पाने वाले तथा फाइनल परीक्षा में सर्वोच्च 10 रैंक पाने वाले परीक्षार्थिओं को योग्यता प्रमाण दिए गए।

योग्यता छात्रवृति योजना के अधीन जून और दिसंबर 1998 सत्रों में इंस्टीट्यूट की फाउंडेशन और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में प्रत्येक सर्वोच्च 15 रैंक के परीक्षार्थियों को छात्रवृत्तियां दी गईं। इसी प्रकार योग्यता–व–साधन सहायता योजना के अधीन सुपात्र विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता दी गई। योग्यता–व–साधन सहायता योजना, 1983 को स्टूडेण्ट कम्पनी सेक्रेटरी के अप्रैल 1999 अंक में अधिसूचित किया गया ।

10 प्रशिक्षण

कम्पनी सचिवीय पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण महत्वपूर्ण घटकों में से एक है और इंस्टीट्यूट के विधार्थियो को प्रशिक्षण देने पर बहुत बल दिया जाता हे। इस वर्ष न केवल प्रशिक्षण देने वाली कम्पनियों की सूची को व्यापक बनाने पर जोर दिया गया बल्कि इन कम्पनियों द्वारा प्रशिक्षण की गुणवत्ता को सुधारने के लिए प्रयास भी किए गए।

10.1 प्रशिक्षणदाता कम्पनियों के साथ बैठक

31 अगस्त 1998 को नई दिल्ली में प्रशिक्षणदाता कम्पनियों के साथ बैठक की गई जिसमें दिए जाने वाले प्रशिक्षण के कार्यक्रम, विषय वस्तु और प्रभावकारिता समेत प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुधारने के बारे में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। इसी प्रकार की बैठकें पूर्वी, दक्षिण, पश्चिमी क्षेत्रीय परिषदों और हैदराबाद शाखा ने अपने अपने क्षेत्रों की कम्पनियो के साथ कीं।

10.2 कम्पनियों का सर्वेक्षण

दिल्ली में लगभग 125 प्रशिक्षणदाता कम्पनियों का सर्वेक्षण किया; इसका उद्देश्य इन कम्पनियों की स्थिति को सुनिश्चित करना था। इन कम्पनियों को इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए पंजीकृत किया गया था, परन्तु किसी न किसी कारण से ये कम्पनियां प्रशिक्षण देने के लिए बंद कर दी गई थी। सर्वेक्षण कार्य के लिए इंटरमीडिएट/फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों की सेवाएं ली गई। इस प्रक्रिया में कुछ कम्पनियों को प्रशिक्षण के लिए पुनः अनुमति दे दी गई।

10.3 प्रशिक्षार्थी गाइड

प्रशिक्षणदाता कम्पनियों और प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के हित के लिए भी "ए गाइड टू ट्रेनीज" का प्रकाशन किया गया।

10.4 पैनल बनाना

इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने के लिए और अधिकाधिक कम्पनियों को पैनल पर लाने के लिए प्रशिक्षण निदेशालय ने कम्पनी कार्य विभाग, देश भर में स्टॉक एक्सचेंजों की सूची में दर्ज विभिन्न कम्पनियों, दिल्ली स्टाक एकसचेज, भारतीय रिजर्व बैंक, सामान्य बीमा निगम, जीवन बीमा निगम, युनाइटेड इण्डिया इश्योरेंस कं0 लि., ओरियंटल इंश्योरेंस कं0 लि0, नेशनल इंश्योरेंस कं0 लि0, न्यू इण्डिया इंश्यारेंस कं0 लि0, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों, कम्पनियों के रजिस्ट्रारों के कार्यालयों से सम्पर्क किया।

दिल्ली, हरियाणा के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तथा कानपुर के कम्पनियों के रजिस्ट्रारों ने तीन महीने के प्रशिक्षण के अलावा विशेषीकृत क्षेत्रों में 15 दिन का प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया है।

1998–99 के वित्तीय वर्ष के दौरान प्रबंध प्रशिक्षण देने के लिए 122 कम्पनियों को पैनल पर रखा और व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के लिए 79 कम्पनियों को पैनल पर रखा। इस अवधि में प्रशिक्षु प्रशिक्षण देने के लिए 77 कम्पनी सचिवों को मान्यता प्रदान की गई। 31–03–1999 को प्रबंध प्रशिक्षण और व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के लिए क्रमशः 1740 और 1998 कम्पनियां हमारे पैनल पर थीं। इसी प्रकार 31–03–1999 को प्रशिक्षु प्रशिक्षण देने के लिए 395 कम्पनी सचिव थे।

10.5 प्रशिक्षण प्रदान करना

1998–99 के दौरान 218 विद्यार्थियों को प्रबंध प्रशिक्षण प्रदान किया गया, 248 विद्यार्थियों ने व्यावहारिक प्रशिक्षण पूरा किया और प्रशिक्षु प्रशिक्षण पूरा करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 50 थी। प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिवों द्वारा इंटरमीडिएट/फाइनल परीक्षा विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने के कार्य को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

10.6 सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम

1998–99 के दौरान मुख्यालय, क्षेत्रीय परिषदों और ए तथा ए–1 ग्रेड की शाखाओं ने 20 सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया और 561 विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा किया।

समसामयिक परिवर्तनों की जानकारी में पीछे न रह जाने को ध्यान में रखते हुए एस एम टी पी के पाठ्य–विवरण को पुनर्गठित किया गया, जिसमें व्यवसाय से संगत और नए क्षेत्रों पर अधिक बल दिया गया।

11. जन सम्पर्क और नियोजन

11.1 जन सम्पर्क

1998–99 में कम्पनी सचिवों द्वारा विभिन्न प्रकार की व्यापक सेवाएं प्रदान करने, "कम्पनी सचिव के रूप में कैरियर" पर 'विस्तृत–विवरण' अर्थात् राइट–अप' सहित इंस्टीट्यूट के उद्देश्य और कार्यों पर प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया पर विशेष लेखों का प्रकाशन/प्रसारण होता रहा है और इस प्रकार व्यापक रूप से देश भर में विद्यार्थी समुदाय में और निगम क्षेत्र में कम्पनी सचिवों के व्यवसाय के प्रति जागरूकता/स्वीकार्यता पैदा करने का अभियान जारी रहा है। अंग्रेजी और हिन्दी दोनों भाषाओं के प्रमुख समाचार पत्रों में समय समय पर अध्यक्ष और सचिव महोदय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्तियां एवं महत्त्वपूर्ण समाचार एजेंसियो–पी टी आई, युनाइटिड न्यूज आफ इण्डिया (यू एन आई) ओर यूनीवार्ता के माध्यम से जारी हुई, जिससे इंस्टीट्यूट को पूरे भारत के मीडिया में अधिकतम प्रकाशन मिल सका। कम्पनी सचिवो के व्यवसाय के बारे में कुछ प्रमुख साक्षात्कार 13.4.1998, 13.7.1998, 16.11.1998 14.12.1998 तथा 28.12.1998 के टाइम्स आफ इण्डिया के एजुकेशन टाइम्स में, 15.4.1998, 18.12.1998 के स्टेट्समेन मे, 21.5.1998 के

फिनाश्यल एक्सप्रेस (सभी संस्करणों में) में, 4–10.4.1998 के एम्पालाइमेंट न्यूज में और 17.9.1998 के हिन्दुस्तान टाइम्स (दि इन हास सेक्शन) में, 13.1.1998 के इण्डियन एक्सप्रेस में, 25.1.1999 के इकानामिक टाइम्स में, अगस्त 1998 के टीन्स टूडे (इण्डिया टुडे का प्रकाशन) में और मार्च 1999 के कम्पटीशन मास्टर के अंक में रंगीन पृष्ठों पर प्रकाशित हुए, जिससे देश के कोने कोने में कम्पनी सचिव व्यवसाय का संदेश फैला।

पहले ही तरह ही इस वर्ष भी इंस्टीट्यूट ने कैरियर मेलों में भाग लिया। मेलों में इंफार्मेटिव पैनल, पोस्टरों का प्रदर्शन किया और मेले में आने वाले अभिभावकों और विद्यार्थियों को कम्पनी सचिव व्यवसाय के बारे में जानकारी दी। विभिन्न क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयों में आयोजित अध्यक्ष महोदय के प्रेस सम्मेलनों के लिए प्रचार सामग्री और प्रेस विज्ञप्तियां जारी की गईं। अगस्त 1998 और फरवरी 1999 में एक दर्जन से अधिक समाचार पत्रों ने कम्पनी सचिव परीक्षाओं के विस्तृत परिणाम प्रकाशित किए।

हिन्दी कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम 'नई पीढ़ी' में 16.2.1999 को 8.15 बजे रात्रि को सचिव द्वारा कम्पनी सचिव पाठ्यक्रम पर बी बी सी को दिया गया साक्षात्कार प्रसारित हुआ।

11.2 नियोजन

समय समय पर एकीकृत निगम प्रबन्धकों के रूप में कम्पनी सचिवों के नियोजन पर ध्यान केन्द्रित करते हुए प्रेस और टी वी साक्षात्कार आयोजित किए गए। संभावित नियोजकों के पास नियुक्ति के लिए सदस्यों के बायो–डाटा भेजे गए। विभिन्न समाचार पत्रों और व्यापार–पत्रिकाओं में कम्पनी सचिवों की रिक्तियों को प्रकाशित किया गया। इस वर्ष समय समय पर सरकारी, नियमित प्राइवेट और सार्वजनिक क्षेत्र के कम्पनियों, बहु–राष्ट्रीय कम्पनियों के पास सदस्यों की सूची भेजी गई। जो जानकारी विभिन्न सूत्रों से मिली है, उसके अनुसार नियोजन प्रकोष्ठ के प्रयासों से अनेक सदस्यों को समुचित नौकरी मिली है। पूरे वर्ष विभिन्न नियोजन परार्शदाताओं से सम्पर्क बनाएं रखा गया और समुचित नियुक्ति के लिए उनके जीवन वृत्त भेजे गए। वित्तीय संस्थानों के विभिन्न मानव संसाधन विभागों को अनेक पत्र भेजे गए, जिनमें उन्हें कम्पनी सचिवों की बहुआयामी भूमिका की जानकारी दी और सुझाव दिया कि वे अपने विभिन्न विभागों में इनकी नियुक्ति करें। इसी प्रकार के पत्र सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों और बहु–राष्ट्रीय कम्पनियों को भी भेजे गए। इस बात के प्रयास जारी है कि इंस्टीट्यूट के वेबसाइट पर कम्पनी सचिवों की रिक्तियां दिखाई जाएं।

12. लेखे

12.1 अधिशेष

इस वर्ष के लेखों के अंत में 181.84लाख रुपये के अधिशेष को सामान्य रिजर्व में डाला गया जब कि इसकी तुलना में 1997–98 वर्ष में 248.05 लाख रुपये की अधिशेष राशि अन्तरित की गई थी।

12.2 रिजर्व

(क) पूंजी रिजर्व

31 मार्च 1999 को सवस्यों से प्राप्त प्रवेश शुल्क के पूंजी रिजर्व की पूंजीकृत 52.74 लाख रुपये थी, जबकि 31 मार्च 1998 को यह राशि 50.74 लाख रुपये थी।

(ख) सामान्य रिजर्व

पिछले वर्ष 31 मार्च 1998 को जो सामान्य रिजर्व 1641.69 लाख रुपये था, वह अब बढ कर 31 मार्च 1999 को 1823.90 लाख रुपये हो गया है।

12.3 सांविधिक लेखा परीक्षक

कम्पनी सचिव अधिनियम 1980 की धारा 18(4) के अनुसरण में मैसर्स खन्ना एंड अन्नाधनम, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स नई दिल्ली को 31 मार्च 1999 को समाप्त वर्ष के लिए इंस्टीट्यूट का सांविधिक लेखा परीक्षक पुनः नियुक्त किया गया। लेखा परीक्षक की रिपोर्ट लेखा विवरण के साथ प्रकाशित की गई है।

13 भूमि और भवन

13.1 आई सी एस आई – एन आई आर सी भवन

उत्तरी भारत क्षेत्र परिषद कार्यालय और पुस्तकालय भवन 4, प्रसाद नगर इंस्टीट्यूशनल एरिया नई दिल्ली में कार्य कर रहे है।

13.2 फरीदाबाद शाखा की भूमि

इस शाखा ने फरीदाबाद के सेक्टर 16ए में हरियाणा नगर विकास प्राधिकरण (हूडा) से 3.65 लाख रुपये में 500 वर्ग गज का एक भूखंड खरीदा है। यद्यपि हूडा ने फरीदाबाद शाखा को आवंटन पत्र और कब्जे का पत्र जारी कर दिया था, परन्तु इस संपत्ति के बारे में कुछ पुराने विवाद के कारण हूडा ने इस भूखंड का कब्जा अभी शाखा को नहीं सौंपा है। हूडा ने एक दूसरा प्लाट अलाट करने और उसका कब्जा देने की सिफारिश की है। आगे के ब्यौरे/प्रगति की प्रतीक्षा है।

13.3 नौयडा भूमि

इंस्टीट्यूट ने 1375 वर्ग मीटर भूमि का एक प्लाट नौयडा के सैक्टर 62, फेज–2, इंस्टीट्शनल एरिया में 34.38 लाख रुपये में खरीदा है। इंस्टीट्यूट ने इसका कब्जा ले लिया है और भवन का निर्माण कार्य चल रहा है।

13.4 मदुरई शाखा परिसर

इस्टीट्यूट ने मदुरई शाखा के लिए सी–3, तीसरी मंजिल, ए आर प्लाजा, 16/17 नार्थ वेली स्ट्रीट, मदुरई–625001 में बना बनाया परिसर खरीदा है, जिसकी कुल लागत 10,40,000 रुपये है। नए कार्यालय का औपचारिक रूप से उद्घाटन इंस्टीट्यूट के तत्कालीन अध्यक्ष श्री बी. पी. धनुका ने 14 दिसम्बर 1998 को किया।

14. शाखाओं को पूंजीगत अनुदान और ऋण

इंस्टीट्यूट ने अपनी क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं को 31 मार्च 1998 तक अपना कार्यालय भवन लेने के लिए जो अनुदान और ऋण दिया है उसका ब्यौरा इस प्रकार है:

(क) अनुदान 97.34 लाख रुपये

(ख) ऋण 85.63 लाख रुपये

इस्टीट्यूट का प्रयास है कि क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं द्वारा अपने काम काज के लिए भवन लेनें के प्रयासो में उनकी सहायता करे और इस संबंध में पूरक राशि दे। कुछ क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं में अपने कार्यालय स्थल/भवन परियोजनाओं के लिए संसाधन जुटाने के लिए जबरर्दस्त प्रयास किये हैं। परिषद इन क्षेत्रीय परिषदों/शाखाओं द्वारा किये गए इन प्रयासों की प्रशंसा करती है।

15. कम्पनी सचिव हितकारी निधि (सी एस बी एफ)

15.1 सी एस बी एफ के सदस्यों में वृद्धि

सी एस बी एफ के आजीवन सदस्यों की संख्या 31 मार्च 1999 को 2914 थी। पिछले वर्षों में सदस्यों की संख्या धीरे–धीरे बढ़ती रही है। 31 मार्च 1999 को पूंजी रिजर्व 60.40 लाख रुपये और सामान्य रिजर्व 19.59 लाख रुपये था।

15.2 इस निधि में और अधिक सदस्यों को प्रवेश कराने के लिए प्रयास जारी है। इससे वित्तीय संकट के समय सदस्यों को बेहतर वित्तीय सहायता तथा मृत्यु, लम्बी बीमारी, दुर्घटना आदि के कारण कठिनाई में उनके परिवारों को और अधिक लाभ दिए जा सकेंगे। यह अपने आप में बीमा जैसा उपाए है। 1000 रुपये के आजीवन सदस्यता शुल्क को आय कर अधिनियम 1961 की धारा 80 जी के अन्तर्गत छूट प्राप्त है।

16. मानव संसाधन विकास

16.1 सदस्यों, विद्यार्थियों और अन्य ग्राहकों को कुशल सेवाएं प्रदान करने में व्यावसायिक उत्कृष्टता की प्रमुख भूमिका रहती है। व्यावसायिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आई सी एस आई प्रबन्धन का निश्चित विश्वास है कि सूक्ष्म स्तर पर मानव संसाधन विकास का होना अनिवार्य है।

